प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों का नामी कम्पनी में चयन

पंतनगर। 08 अप्रैल 2022। विश्वविद्यालय के सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के प्रयासों से विद्यार्थियों का नामी कम्पनियों में चयन हो रहा है। इसी श्रृंखला में Byju’s एक शिक्षा ट्यूटरिंग ऐप है जो एक प्रीमियम मॉडल पर कार्य करता है। यह छात्रों को भारत में IIT-JEE, NEET, CAT, IAS और अंतर्राष्ट्रीय परीक्षाओं जैसे GRE परीक्षाओं और GMAT जैसी परीक्षाओं के लिये भी प्रशिक्षित करता है। Byju’s रिपोर्ट में कुल मिलाकर 4 करोड़ (40 मिलियन) उपयोगकर्ता, 30 लाख (3 मिलियन) वार्षिक भुगतान वाले ग्राहक और लगभग 85 प्रतिशत की वार्षिक प्रतिधारण को बनाये रखने के लिए सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के माध्यम से ऑनलाइन साक्षात्कार के आधार पर विश्वविद्यालय के कुल 03 विद्यार्थियों को चयनित किया गया। चयनित विद्यार्थियों को प्रशिक्षण के उपरान्त लगभग पैकेज 8 से 10 लाख वित्तिय प्रतिवर्ष देय होगी।

विश्वविद्यालय के कुलपति, डा. तेज प्रताप, ने निदेशक, सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के प्रयासों की सराहना की तथा चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। निदेशक, सेवायोजन एवं परामर्श, डा. दीपा विनय ने बताया कि इसी प्रकार अन्य क्षेत्रों में भी यह निदेशालय प्रयासरत है तथा अधिक से अधिक विद्यार्थी की सफलता की कामना करता है।